## खबर संक्षेप

### जिले में एक और पशु तस्कर नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार



**सतना।** पुलिस ने शनिवार को कुख्यात पशु और मादक पदार्थ तस्कर निहाल अख्तर 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।निहाल खूंथी जवाहर नगर का रहने वाला है। सिटी कोतवाली और कोठी थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान में उसे पकड़ा। 7 अप्रैल को कोठी पुलिस ने सतना-चित्रकूट मार्ग पर एक ट्रक को रोका। इस ट्रक से 40 भैंस और 36 शीशी प्रतिबंधित कोरेक्स सीरप जप्त हुईं। पुलिस ने ट्रक में मौजूद चालक समेत 4 लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि सरगना निहाल ब्लैक स्कॉर्पियो में ट्रक के पीछे था। पुलिस उसका पीछा करती,इससे पहले ही वह फरार हो गया। तस्कर निहाल पर टोल प्लाजा पर मारपीट समेत 10 से अधिक मामले दर्ज हैं। 40 दिनों तक फरार रहने के बाद शनिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर निहाल को सतना से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में पशु तस्करी और टोल प्लाजा पर मारपीट समेत 10 से अधिक मामले दर्ज हैं।

### 3 सदस्यीय जांच कमेटी करेगी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यो की जांच

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की जांच के लिए 3 सदस्यीय जांच समिति की गठन किया है। इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत,कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग तथा जिला कोषालय अधिकारी को शामिल किया गया है।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा 16 मई को ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान किये गये निरीक्षण में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के स्वीकृत कार्यों में नाला ट्रेंचिंग,नाला/स्टाप डैम की मिट्टी हटाना, गहरीकरण करना,तालाब का गहरीकरण,खोदाई कार्य में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाई गई थी। कलेक्टर ने जांच समिति को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों का भौतिक,वित्तीय एवं तकनीकी मापदण्डों पर निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन मय साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

### सोहावल जनपद में भारी भ्रष्टाचार, आज धरना-प्रदर्शन

**सतना।** जिले के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा अपने राजनैतिक आकाओं के बल पर कलेक्टर और उसके समकक्ष अधिकारियों को कुछ भी नहीं समझते हैं। ऐसा एक उदाहरण आया है जिला मुख्यालय की जनपद सोहावल का। जहां पदस्थ अधिकारी अपनी स्वजातीय मंत्री का लाभ उठाते हुए न केवल दो जिलों की जनपदों का प्रभारी अधिकारी बन कर मनमानी कर रहे है। ग्राम पंचायत अहिरगांव अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह के अध्यक्ष की मृत्यु के चार महीने बीत जाने के बाद भी अध्यक्ष का चुनाव नहीं कराया जा रहा है। कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ और एसडीएम रघुराज नगर को 9 अप्रेल से अब तक कई बार आवेदन देकर कर चुनाव कराने की मांग के बाद भी चुनाव नहीं कराया गया। अध्यक्ष पद का चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर 18 मई से जनपद कार्यालय सोहावल के बाहर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की घोषणा की है। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की सतना जिले की महिला अध्यक्ष के द्वारा किया जाएगा। जिसमें लाडली बहना योजना के लाभ से एक साल गुजर जाने के बाद भी वंचित महिलाओं के द्वारा सतना कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा जायेगा। उक्त आंदोलन में पंच परमेश्वर संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पंचों को 1500रुपए और उपसरपंचों को 3000रुपए मासिक भत्ता दिए जाने की मांग उठाई जाएेगी। जिसमें बड़ी संख्या में पंच उपसरपंच और अन्य पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर चंद्र त्रिपाठी ने यह जानकारी दी।

## अभी बाकी है नौतपा की गर्मी, दिल में होने लगी हैं सड़कें सूनी

# आग उगल रहा सूरज, तवा की तरह तप रही धरती; भीषण गर्मी

इस साल जेठ का महीना प्रारंभ से ही ऐसे तप रहा है जैसे नौतपा लग गया हो। सूरज आग उगल रहा है और धरती तवे की तरह तप रही है। प्रातः काल सूर्योदय से ही गर्मी का एहसास शुरू हो जाता है जैसे-जैसे दोपहर होती है सूरज प्रचंड होकर आग बरसने लगता है।

**हरिभूमि न्यूज, सतना।**



हालांकि नौतपा इसी महीने लगेगा लेकिन एहसास पहले से होने लगा है। दोपहर के वक्त अब सड़के भी सूनी होने लगी हैं।वैसे तो पिछला महीना आंधी और पानी में गुजर गया लेकिन जेठ का महीना लगते ही गर्मी एहसास कराने लगी है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया,जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44.01 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इसी प्रकार अगर मौसम विभाग के आंकड़ों पर नजर डालें तो सोमवार को अधिकतम तापमान 40.7 मंगलवार को 41.8 बुधवार को 41.28 और गुरुवार को 40.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

### जनजीवन अस्त-व्यस्त

धूप की तपिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में ढाई डिग्री का इजाफा हुआ। रीवा संभाग में सबसे गर्म दिन सतना जिले का रहा। यहां का अधिकतम तापमान 44.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया,जो विंध्य में सबसे अधिक है। इसके बाद रीवा जिले का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31.0 डिग्री रहा। जबकि सीधी जिले का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.0 डिग्री रहा। वहीं, सबसे कम तापमान सिंगरौली जिले का 41.1 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.1 डिग्री दर्ज किया गया है।

### चित्रकूट में 45 डिग्री तापमान

भगवान राम की तपोसथली चित्रकूट का इसी दिन का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री दर्ज किया गया,जो विंध्य में सबसे अधिक रहा है। वहीं न्यूनतम तापमान में इजाफा होने से रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलने से लोग सिर पर कपड़ा डालकर घरों से निकल रहें हैं।

### राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं का असर

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि राजस्थान की ओर से आ रहीं गर्म हवाओं के कारण इन दिनों सतना समेत रीवा संभाग में दिन और रात का पारा सामान्य से अधिक चल रहा है। पिछले 6 दिनों से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी का दौर जारी है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी आगे भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा।



## ग्रामीण जल चौपाल में सीख रहे पानी प्रबंधन के सूत्र

### जल गंगा संवर्धन अभियान से पानी बचाने और संजोने की मिल रही दिशा

**सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन और कलेक्टर सतीश कुमार एस के दिशा निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के वालंटियर गांव-गांव पहुंचकर जल चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें विभिन्न तकनीकों से अवगत करा रहे हैं। मझगवां जनपद के बिरसिंहपुर ग्राम पंचायत में आयोजित जल चौपाल पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ.राजेश तिवारी,कृष्ण बिहारी मंदिर के महंत संतोष दास महाराज तथा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव उपस्थित रहे। जल चौपाल को संबोधित करते हुए डॉ.तिवारी ने बताया कि पानी बनाया नहीं जा सकता। केवल उचित प्रबंधन से हम पानी को पीने योग्य एवं अपने उपयोग हेतु प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिवर्ष जितनी वर्षा होती है हमें केवल उसके तीन प्रतिशत जल की आवश्यकता संपूर्ण निस्तार हेतु होती है। परंतु वर्षा के जल का उचित प्रबंध न हो पाने के कारण वर्षा जल जमीन के रास्ते समुद्र में चला जाता है। ग्रीष्मकाल आने पर हमें जल संकट का सामना करना पड़ता है, अब आवश्यकता है कि समाज मिलकर पानी का उचित प्रबंध करें। हम घर का पानी घर में एवं गांव का पानी गांव में रोक कर सतही जल स्तर को बढ़ा सकते हैं,जिससे हमें वर्ष भर पानी की उपलब्धता रहेगी और तथा कृषि कार्य में पानी की कमी नहीं होगी। अतः पूरा समुदाय एक साथ जागृत होकर पानी बचाने और पानी रोकने दोनों तरीकों पर कार्य करते हुए गांव-गांव में सोखता गड्ढे,बोरी बंधान,पहाड़ों में स्ट्रैंचेज, मेढ़ बंधान आदि की व्यवस्था करनी होगी। बरसात में हम अधिक से अधिक पानी को अपने गांव में रोक कर जल स्रोतों के उचित रखरखाव से अपने गांव के पानी को उपयोगी बना सकते है। हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए की चैमासा में जल स्रोतों के किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाए। जिससे उनकी जड़ों के माध्यम से सभी जल स्रोतों को 12 महीने पानी उपलब्ध रहे। बूंद बूंद से घड़ा भरता है तो निश्चित रूप से सभी की सहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा और हम सभी के जीवन में जल संकट दूर होगा। चैपाल के अंत में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव द्वारा सभी उपस्थित ग्रामीणों को जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का संदेश लेकर निकली तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत





### हर हाथ में तिरंगा,महिला,पुरुष और बच्चों में दिखा देशभक्ति का जज्बा

**हरिभूमि न्यूज, सतना।**






ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का संदेश लेकर शनिवार को शहर में सर्व समाज द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा सिटी कोतवाली के पीछे गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न इलाकों से होते हुए गुजरी और उद्गम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हो गई। यात्रा का अनगिनत जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह महापौर योगेश ताम्रकार,पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी के अलावा सेना के रिटायर्ड सैनिक और समाजसेवी मौजूद रहे।तिरंगा यात्रा में सबसे आगे झंडा लेकर स्केटिंग वाले बच्चे चल रहे थे। उनके पीछे घोड़े में सवार सेवा की वर्दी पहने बच्चे बैठे हुए थे जिनके हाथ में तिरंगा था। उनके पीछे रथ पर भारत माता की सजीव झांकी थी। इसके बाद एक चार पहिया वाहन में सेवा के रिटायर्ड कर्मचारी थे और भारत माता की जय करते हुए नारे लगा रहे थे।

### 500 फीट लंबा तिरंगा झंडा लेकर चल रहे थे लोग

तिरंगा यात्रा में शहर में 500 फीट लंबा तिरंगा झंडा लेकर लोग चल रहे थे। इस तिरंगा झंडा को बड़ी संख्या में लोगों ने पकड़ रखा था जिसमें महिलाओं के अलावा पुरुष और बच्चे भी शामिल थे। तिरंगा लेकर चल रहे इन लोगों में देशभक्ति का जज्बा जबरदस्त देखने को मिल रहा था।यात्रा में शामिल लोग हिंदुस्तान जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगा रहे थे। डीजे में देशभक्ति का गाना बज रहा था और जगह-जगह आतिशबाजी भी हो रही थी।

### तिलक कॉलेज में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित

# प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचने दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी**



कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देशन में जिला कमाण्डेंट की एनडीईआरएफ टीम के द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई, डॉ. चित्रा प्रभात, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण शिविर में प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, डॉ. संदीप निगम, डॉ. यशवंत वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नागरिक सुरक्षा से संबंधित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नागरिक सुरक्षा अंतर्गत आपातकालीन स्थिति के बारे में जानकारी देते तैयारी, रोकथाम, शमन, प्रतिक्रिया, आगजनी, बाढ आदि की घटना के बारे में स्वयंसेवकां को अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण जानकारी दी

आग की घटना के चारों प्रकारों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटना होने पर किस प्रकार की सहायता प्रदान करनी है, के बारे में जानकारी दी गई। ब्लैकआउट के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया गया कि ब्लैकआउट में होने वाली घटनाओं से खतरा बहुत कम होता है तथा संवेदनशील स्थिति में पूरी तरह अंधेरा कर दिया जाता है। जिससे दुश्मन के हवाई जहाज या ड्रोन को कोई रोशनी नजर न आए और हमला होने का खतरा कम हो जाता है। प्रशिक्षण में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कई महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं दल प्रभारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण शिविर में शैलेन्द्र दुबे, वीरेन्द्र खरे, डॉ. माधुरी गर्ग, ममता ठाकुर, रिचा दीक्षित आदि अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती संस्कृति लटोरिया, प्राध्यापक समाजशास्त्र डॉ. आर.पी. मिश्रा उपस्थित रहे।

## दूसरे जिले से आने वाली नान स्टाप बसों का प्रवेश प्रतिबंधित

**कटनी।** शहर के यातायात दबाव एवं आम जनता की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए अन्य जिलों से आने वाली नान स्टाप बसों का अब कटनी शहर में प्रवेश तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा तदाशय का आदेश गुरुवार को जारी किया गया है। आदेश में उल्लेखित किया गया है कि अन्य जिलों की नान स्टाप बसें बाय पास से नहीं जाकर कटनी शहर में प्रवेश करते हुए जातीं हैं। जिससे शहर में आये दिन जाम लगने से आम नागरिकों का आवागमन बाधित होता है और जन सामान्य को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिए अन्य जिलों की बसों के लिए एस डी एम कटनी श्री मिश्रा ने यातायात मार्ग भी तय किया है। जिसके तहत दमोह, पन्ना,सतना, शहडोल और उमरिया जिले की बसें चाका बायपास से कटनी बस स्टैंड तथा वापस बस स्टैंड कटनी से चाका बायपास होते हुए अन्य जिले के लिए यात्रा पर रवाना होंगी।

## किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर-नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

**सतना।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू,चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है।सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने,जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं। उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।

## चित्रकूट आकर दूसरी शादी कर रहे युवक को पकड़ा

**सतना।**

बिहार की एक युवती ने प्रेम विवाह के बाद छोड़ देने का आरोप लगाया है। युवती शुक्रवार को युवक की तालाश में चित्रकूट थाने पहुंची। उसने पुलिस से कहा कि उसे पति वापस चाहिए,कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहिए। जानकारी के मुताबिक,चित्रकूट के वार्ड क्रमांक 14 चौबेपुर निवासी लवकुश यादव ने 4 साल पहले बिहार के पटना जिले की रहने वाली एक युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों किराए का कमरा लेकर रह रहे थे,लेकिन 15 दिन पहले अचानक लवकुश ने अपनी **पत्नी से मारपीट की और उसे बिना बताए अपने गांव आ गया।**

**युवती बोली- पति दूसरी शादी करने गांव आया-** युवती का आरोप है कि लवकुश ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उसके माता-पिता उसकी दूसरी शादी करना चाहते हैं और वह भी दूसरी शादी के लिए गांव आया हुआ है।पुलिस ने जब इस मामले में पूछताछ की तो युवती ने कार्रवाई से साफ इनकार कर दिया। उसने कहा कि मुझे मेरा पति वापस चाहिए कार्रवाई नहीं।

**सूरत में हुई थी पहली मुलाकात -** जानकारी के मुताबिक,करीब पांच साल पहले सूरत में काम के दौरान लवकुश और युवती की मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बना और फिर चार साल पहले उन्होंने शादी कर ली। शादी के बाद से दोनों पटना में रह रहे थे।थाना प्रभारी डीआर शर्मा ने बताया कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पीड़िता कोई कार्रवाई भी नहीं चाहती है। वह सिर्फ अपने पति को वापस ले जाना चाहती है।

### वॉलंटियर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण


**कटनी।** राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य को देखते हुये जिले में आपदा प्रबंधन के तहत नागरिक सुरक्षा के सभी जरूरी प्रबंध किये जा रहे हैं। कलेक्टर के निर्देश पर पार्षद, सरपंच, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, नगर निगम एवं नगर परिषदों के स्वयंसेवकों तथा कॉलेज के एनएसएस आवेदकों तथा एनसीसी आवेदकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा

**घोषणा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आशुतोष तिवारी, तनय राजेंद्र प्रसाद तिवारी (आर.पी.तिवारी) उम्र 55 वर्ष निवासी अमृत वाटिका के बगल मे आयुष्मान अस्पताल, खेरमाई रोड सतना थाना सिटी कोतवाली,तहसील-रघुराजनगर,जिला सतना (म.प्र) मेरा आधार कार्ड नम्बर 591803010180 है मेरे पूर्व पासपोर्ट मे मेरा नाम आशुतोष कुमार तिवारी अंकित है और मेरे सभी दशतावेजो जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, डाइविंग लाइसेंस, आदि मे मेरा नाम आशुतोष तिवारी अंकित है इसलिए अब मेरा नया पासपोर्ट आशुतोष तिवारी के नाम से जारी किया जाय ।

## खबर संक्षेप

### राजीव गर्ग का सुयश



पवई-जवाहर नवोदय विद्यालय रमखिरिया के कक्षा 12 के छात्र राजीव गर्ग ने 12वी में 88 प्रतिशतअंक अर्जित किये हैं तथा विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया है राजीव बचपन से ही मेधावी छात्र रहे है बता दें कि राजीव श्री जीतेंद्र गर्ग के सुपुत्र है जो हथकुरी में एक शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है ।राजीव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने नवोदय विद्यालय के गुरुजनों एवम अपने परिवार के लोगों को दिया है राजीव की इस उपलब्धि पर उनके इष्टमित्रों तथा नवोदय विद्यालय के अभिभावकों तथा पत्रकार बन्धुओ शिक्षाविदों तथा अतिथि शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है तथा राजीव को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया है।

### पटना तमोली स्कूल का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सलेहा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटना तमोली ने मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का कक्षा 10वीं का परिणाम 93 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 86.2 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में अन्वेशा चौरसिया ने 97.2 प्रतिशत, सृष्टि मिश्रा ने 97 प्रतिशत एवं निधी मिश्रा ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धि में योगदान दिया। वहीं, कक्षा 12वीं में कला संकाय से जय प्रकाश विश्वकर्मा ने 88.2 प्रतिशत, अमित त्रिपाठी ने 83.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए। गणित संकाय से धवल कान्त चौरसिया ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की सफलता पर प्राचार्य एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएँ दीं।

### दबंग द्वारा शासकीय सड़क को खोदकर कर खेत में मिलाया



**पन्ना।** पन्ना जिले में दबंगों द्वारा मनमानी की जा रही है एवं सड़कों को जबरदस्ती ट्रैक्टर एवं जेसीबी मशीन से खोदकर कर अपने खेतों में मिलाया जा रहा है जिससे ग्राम वासियों का निकलना मुश्किल हो रहा है तथा आम रास्ता बंद हो गई है इसी प्रकार का मामला जनपद पंचायत गुनौर अंतर्गत ग्राम पंचायत जिजगाव का सामने आया है ग्राम पंचायत के ग्राम इटोरा में 13 वर्ष पूर्व मनरेगा योजना से जीएसबी मिट्टी मोरम गिट्टी की सड़क बनाई गई थी उक्त सड़क पर वर्ष 2012-13 में 4 लाख से अधिक की राशि खर्च की गई थी तथा इस सड़क से इटोरा ग्राम के लोग मुख्य सड़क बिल्हा अमानगंज जाते थे लेकिन कुछ दिनों पूर्व उक्त सड़क को ग्राम के ही दबंग मुन्ना राजा ने जेसीबी मशीन तथा ट्रैक्टर से सड़क को खोद दिया एवं भारी-भारी गड्ढे कर दिए गए जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है ग्रामीणों द्वाराउक्त संबंध में तहसीलदार अमानगंज को आवेदन दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई तो ग्रामीणों ने पन्ना पहुंचकर कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन दिया है कलेक्टर ने एसडीम गुनौर से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं आवेदन देने वालों में कमलेश शर्मा बृजपाल सिंह सुरेंद्र मनोज विनोद सत्येंद्र सहित अनेक लोग शामिल रहे।

### 2 मोटर साइकिल की आमने सामने भिड़ंत



**अमानगंज।** आज फिर जेके सीमेंट के ट्रांसपोर्ट के अज्ञात तेज रफ्तार ट्राला द्वारा पगरा देवरा के बीच जेके पेट्रोल पंप के सामने गंभीर सड़क दुर्घटना सामने आई है जिसमें गणेश आदिवासी पिता कृपाल आदिवासी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसको सिर हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है, ग्रामीणों ने आनन फानन घायल व्यक्ति को अमानगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर अवस्था में पन्ना रेफर कर दिया। आज जेके के ट्रांसपोर्टरों के ट्रालाओं द्वारा अनियंत्रित गति से वाहन चलाए जा रहे हैं जिसमें कई बार सूचना देने पर भी संज्ञान लेने के नाम पर प्रशासन द्वारा केवल खानापूर्ति कर दी जाती है जिससे ट्रालाओं के ड्राइवरों के हौसले बुलंद हैं यदि प्रशासन का ऐसा ही रवैया रहा तो सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला आम हो जाएगा,अब देखना ये है कि इस गंभीर घटना के बाद प्रशासन क्या संज्ञान लेती है।

# कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली के चलते नगर से अतिक्रमण हटाने व सड़कों के निर्माण तथा तालाबों के सौंदर्यीकरण के प्रयास सराहनीय

जिले में विकास को लेकर जिन कलेक्टरों की कार्यप्रणाली आज भी जानी जाती है। उनमें से कलेक्टर सुरेश कुमार की दिशा भी कार्य करने की उसी तरह बनी हुई है।


**हरिभूमि न्यूज, पन्ना।**



पन्ना नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हो या कि सड़कों के निर्माण की दिशा अब नगर के 15 तालाबों का सौंदर्यीकरण बनेगा नगर के सुन्दर बनाने का आकर्षण का केन्द्र कई चौराहों पर भी कलेक्टर के द्वारा सौंदर्यीकरण के प्रयास वहीं नगर की मुख्य सड़क में भी सौंदर्य झलकेगा। उदाहरण को लेकर डायमण्ड चौक जो पन्ना पहुंचते ही स्वयं साबित होगा। इसी तरह यह सड़क भी डायमण्ड चौक से लेकर मदर टरेसा अस्पताल तक जहां सौर्दयीकरण के साथ-साथ हरियाली की दिशा तय करेगी।

सकारात्मक सोच के साथ जिले में विकास की दिशा तय करने को लेकर जनप्रतिनिधियों के समन्वय के साथ नगर को सुन्दर बनाने की कार्यप्रणाली कलेक्टर सुरेश कुमार की जानी जा रही है। विगत समय में जिन कलेक्टरों ने पन्ना में कुछ बेहतर करने के प्रयास किये है उनको सदैव आज भी याद किया जाता है। उसी तरह कलेक्टर सुरेश कुमार जो वर्तमान में पन्ना नगर ही नहीं समूचे जिले में अपनी सोच के साथ हटकर जनहित को ध्यान में रखकर कार्यप्रणाली जानी जा रही है। चाहे वे जनसुनवाई ग्राम पंचायत स्तर तक की हो या फिर नगर में अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता या फिर सड़कों के निर्माण में अतिक्रमण हटाकर भावी भविष्य को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य को अंजाम देना हो इसी तरह नगर को सुन्दर व आकर्षक बनाने को लेकर प्रयास जारी है। जिसमें धार्मिक एवं पवित्र नगरी के साथ-साथ पन्ना जो यहां के इतिहासिक तालाबों के नाम से भी प्रख्यात है ऐसे 15 तालाबों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के प्रयास की दिशा तय की जा रही है। प्रस्ताव के रूप में शासन स्तर से मांग जो की गई है वह कुछ समय के बाद ही पटल पर जानी जायेगी। जिससे पन्ना नगर के इतिहासिक तालाबों में सौंर्दय अलग ही झलकेगा। साथ ही आम आदमी की समस्याओं के निदान को लेकर भी जहां इस समय प्रमुखता से आपके द्वारा पहल जारी रहती है वहीं समूचे जिले में भ्रमण कार्यक्रम के तहत भी हालात को जानकर सही दिशा में अंजाम देने का कार्य कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली मानी जाती है। संवेदनशीलता व सादगी जहां आपके व्यक्तित्व में स्वमेव झलकती है उसी तरह पन्ना जिले में यह समय जिले के मुखिय के नाते हटकर कार्य करने को लेकर आम आदमी को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। वहीं शिक्षा के साथ-साथ सम्पूर्ण जिले के विकास व प्रशासन की कार्यप्रणाली सुशासन की राह को लेकर जानी जाये। सायद इसी तरह से सतत सकारात्मक सोच के साथ मातहथ अधिकारियों को लेकर कार्य किये जा रहे है। भले ही जिले में कई महत्वपूर्ण पद आज भी खाली है पर जो जिले में जिम्मेदार अधिकारी पदस्थ है उन्हें के साथ जिले को बाखूबी दिशा देकर आम जनता का विश्वास शासन की नीतियों व योजनाओं के लाभ से तय हो सके। सम्पूर्ण विकास आम जनता के साथ-साथ जिले का अलग ही जाना जाये। इस तरह से कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्यप्रणाली जो जनहित को प्रमुखता में ध्यान में रखकर जानी जा रही है।

## देवेंद्रनगर सलेहा रोड में सड़क में ऑटो खड़े होने से लगता है जाम, दुकानों के सामने रख लिया पूरा सामान



### यातायात व्यवस्था देवेंद्रनगर में चरमराई स्थानिक प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा

**पन्ना।** देवेंद्रनगर में भी इन दिनों शादी विवाह का सीजन चल रहा है जिससे बाजारों में भीड़ भाड़ देखी जा रही है वहीं देवेंद्रनगर में ऑटो चालकों की मनमानी की वजह से सड़कों में ऑटो खड़े कर देने से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जो की कई बार घंटे तक जाम लगा रहता है फिर भी स्थानीय प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है वैसे भी जाम की वजह से यातायात व्यवस्था गड़बड़ाई रहती है और किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है वहीं पुलिस प्रशासन भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिससे ऑटो चालकों के हौसले बुलंद है वही देखा जा सकता है कि ऑटो ड्राइवर क्षमता से ओवर सवारियों को बैठा कर लाया ले जारहे है देवेंद्र नगर में यातायात व्यवस्था चरमराई प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई करने के लिए निर्णय नहीं लिए जा रहा है।

## रेत से भरे ट्रेक्टर ने मोटर साईकिल सवार को विगत रात्रि को सिंहपुर के पास कुचला युवक की मौत

## ट्रेक्टर को पुलिस बता रही अज्ञात, रेत से लोडिड ट्रेक्टर किसका, सवाल बना है राज

**पन्ना।** अजयगढ़ तहसील में रेत का कारोबार धड़ल्ले से नियमों को ताक में रखकर ट्रेक्टरों से रेत सतत केन नदी से पन्ना देवेन्द्रनगर तक पहुंचाई जाती है। आखिर जो ट्रेक्टर कृषि कार्य हेतु उपयोग में लाये जाते है उन्हें बाखूबी रेत के कारोबार में धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा। इतना ही नहीं पन्ना में रेत की मण्डी में ही ट्रेक्टर ही ट्रेक्टर नजर आते है आये दिन दुघर्टनाओं को अंजाम दे रहे है। विगत दिवस रात्रि अजयगढ़ थाना अंतर्गत सिंहपुर चौराहे के पास बाईक सवार सुनील कुशवाहा पिता चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा को सरेआम रेत से भरे ट्रेक्टर ने कुचल दिया। जिससे युवक की मौत की घटना घटित हो गई। ट्रेक्टर को अज्ञात बताया जा रहा है। जबकि रेत से भरा ट्रेक्टर किसका यह राज क्यों बना राज। इसके पीछे कहीं न कहीं मौत के बाद भी इंसाफ में रोड़ क्यों?

आखिर पन्ना जिले में रेत के कारोबार में जहां सफेद पोस धारियों व अधिकारियों की जुगलबंदी के चलते आम आदमी की जाने भी सस्ती हो गईं तभी तो विगत दिवस की घटना जो चर्चा में है वह स्वयं ही इस बात की पुष्टि करती है कि अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिंहपुर के पास रेत के भरे ट्रेक्टर ने मोटराईकिल सवार सुनील कुशवाहा पिता चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी नत्थू का पुरवा थाना कांलिजर जिला बांदा जो बीती रात्रि सिंहपुर में शादी के





कार्यक्रम में आया था। जहां लौटते वक्त रेत से भरे ट्रेक्टर ने सुनील कुशवाहा को कुचल दिया जिससे दर्दनाक मौत का हादसा घटित हो गया। फिर भी ट्रेक्टर को अज्ञात बताया जा रहा है आखिरकार यह ट्रेक्टर जो रेत के कारोबार में संलिप्त तो है ही आखिर किसका क्या पुलिस इसका पड़ताल करने में अभी भी उचित नहीं मानती। निश्चितौर पर ट्रेक्टर को जब्त करके थाने में तो रखा गया पर है किसका यह सवाल अभी भी मांग रहा जवाब आखिर किसका ट्रेक्टर वहीं रेत के कारोबार में ट्रेक्टरों को जो खुली छूट प्रशासन के द्वारा दी गई है इसमें यह कहना अतिसंयुक्ति नहीं। जिसमें सफेद पोसधारी की तथा प्रशासनिक जिम्मेदारों की जुगलबंदी के चलते रेत के कारोबार में 24 घंटे खुले आम ट्रेक्टर सड़को में दौड़ते है वहीं इस तरह की घटनाओं आये दिन दुघर्टनायें कारित करते है। फिर भी प्रशासन खुली छूट इन ट्रेक्टरों को दिये हुए है। निश्चितौर पर यहां रेत के कारोबार में कानून नतमस्तक हैं आखिर तभी तो सड़कों में आये दिन असमायिक मौते घटित होती है। आखिर कौन है जिम्मेदार सुनील कुशवाहा की मौत हो लेकर। जिस तरह से सरेआम सड़क में रेत से भरे ट्रेक्टर ने कुचल दिया। फिर भी ट्रेक्टर बतया जा रहा है अज्ञात आखिर क्या है राज। ट्रेक्टर का छायाचित्र स्वयं ही साबित कर रहा कि ट्रेक्टर को मिनी ट्रक जैसा ट्राली के रूप में बनाया गया है आखिर यह सब जिम्मेदारों को क्यों नहीं दिखता। कृषि कार्य में उपयोग किये जाने वाले ट्रेक्टरों को रेत के कारोबार में खुली छूट प्रशासन बना अंजान। ट्रेक्टर को जब्त जो किया गया है इसको लेकर थाना प्रभारी अजयगढ़ से बात की गई तो आपका कहना है कि ट्रेक्टर मिल गया है पड़ताल की जायेगी आखिर किसका ट्रेक्टर इससे साफ जाहिर हो रहा है कि पुलिस इस ट्रेक्टर के मालिक तक निश्चितौर तक पहुंचेगी। भले ही अभी अज्ञात।

## पन्ना पुलिस द्वारा सलेहा थाना क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

### आरोपियों के कब्जे से कुल 90 लीटर अवैध शराब कीमती करीब 60 हजार रुपये की जप्त

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस.थोटा द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को अवैध शराब का निर्माण, परिवहन, भण्डारण एवं विक्रय करने वाले व्यक्तियो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं समस्त एसडीओपी पन्ना के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थानो में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाहियाँ किये जाने हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है। अभियान के तहत समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 15/05/25 को थाना प्रभारी सलेहा उनि भानु प्रताप सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुइ कि दो व्यक्ति एक अल्टो गाडी से भारी मात्रा





में अवैध शराब लेकर ग्राम पटना तमोली से कल्दा तरफ आ रहे है। थाना प्रभारी सलेहा द्वारा मुखबिर सूचना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी सलेहा द्वारा मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु मुखविर के बताये स्थान पर पुलिस बल के साथ पहुँचकर देखा गया जो गालको नदी पुल पर सामने से एक गाडी आती दिखी जिसे पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर रोका गया। उक्त सफेद रंग की अल्टो कार में दो व्यक्ति मिले जिनसे पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूँछा जाकर कार की तलाशी गई जिसमें कुल 10 पेटी खाकी कार्टून में अग्रेजी कंपनी की गोवा व्हिस्की के प्रत्येक कार्टून में 50-50 क्वार्टर कुल 500 क्वार्टर कुल मात्रा करीब 90 लीटर कीमती करीब 60 हजार रूपये की अवैध शराब रखी होना पाया गया। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अवैध शराब को जप्त किया जाकर आरोपियो को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(2) आब.एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त सामग्री** – पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 10 पेटी गोवा अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब प्रत्येक क्वार्टर 180 एम.एल. के कुल 500 क्वार्टर मात्रा करीब 90 लीटर कीमती तकरीबन 60000 रु., एक सफेद कलर की अल्टो कार कीमती करीब 2 लाख 50000 रूपये तथा आरोपियों द्वारा उपयोग किये गये 02 मोबाइल जप्त किये गये हैं।

**नाम पता आरोपी** – 01. अखलेश शर्मा पिता रामनिवास शर्मा उम्र 28 साल निवासी गंज थाना सलेहा जिला पन्ना
02. अजय उर्फ अभय पिता राजमन मिश्रा उम्र 33 साल निवासी दुरेहा थाना जसो जिला सतना

**सराहनीय योगदान** – उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि. भानू प्रताप सिंह, सउनि भैयामन सिंह, सउनि पर्वत सिंह, प्रआर ,गोविन्द सिंह, आर ,बबलू, जितेन्द्र गोयल, शैलेन्द्र, मृगेन्द्र एवं आर. राजकण साहू, सैनिक चंद्रप्रकाश सैनिक का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम के कार्य की प्रशंसा की गई है।


## माया स्व सहायता समूह चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट, चावलों में नमक मिलाकर किया गया वितरण



### नोडल अधिकारी ने जांच के नाम पर की लीपापोती

**अमान गज पन्ना** अंतर्गत आने वाले की पिपरवाह ग्राम में उस समय चर्चाओं का विषय बन गया जब चावलों में नमक मिला करके वितरण किया गया जैसे ही लोगों ने देखा कि चावलों में नमक है वैसे ही कुछ मीडिया कर्मी को जानकारी दी और मीडिया मौके पर पहुंची और देखा तो हकीकत में चावलों में नमक मिला था और कुछ अधिकारियों को भी अवगत कराया गया लेकिन मौके पर कोई भी अधिकारी नहीं पहुंचा एक दिन बीत जाने के बाद नोडल अधिकारी पहुंचे और उन्होंने भी मौके पर देखा तो चावलों में नमक निकाला लोगों को लगता था कि अधिकारी आएंगे और जांच करके कार्रवाई करेंगे लेकिन वह तो कालाबाजारी करने वालों से भी ज्यादा भ्रष्टाचार निकले जो कार्रवाई के नाम पर पंचनामा में लीपा पोती करके चोरी चुपके बस में बैठकर के अपने घर चले गए और शिकायतकर्ता उनका इंतजार करते रहे थे हमारे पास आएंगे और पंचनामा में साइन करवाएंगे लेकिन जो मौके पर जांच में पाया गया वह पंचनामा में उल्लेख नहीं किया गया। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि कहीं इन्हीं की मिलीभागत से खाद्यान्न वितरण केंद्र में धांधली बाजी चल रही है?

## भैंसों के अवैध परिवहन करने पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज



**अमानगंज।** अमानगंज थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सिमरिया की ओर से एक अपराधी पिकअप वाहन में भैंसों का अवैध परिवहन कर ला रहा है, मामले की सूचना पर अमानगंज थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने तुरंत एक पुलिस टीम को सिमरिया बायपास चौराहा पर भेजा जहां पुलिस को सिमरिया की ओर से एक पिकअप आते दिखाई दी। जिसे पुलिस ने घेरा बंदी कर पकड़ा और देखा तो तीन भैंसों को बुरी तरह बांधे हुए था, जिनके परिवहन के संबंध में जब आरोपी से कागजात पूछे तो उनके पास कोई कागजात नहीं थे। इसके बाद आरोपी चालक के कब्जे से तीन भैंसे और पिकअप वाहन जप्त कर आरोपी धर्मेंद्र यादव पिता भज्जी यादव उम्र 28 वर्ष निवासी पुरैना के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

# नगर में बह रही सत्संग की त्रिवेणी

**अमान गज पन्ना**

रामाश्रम सत्संग मथुरा के तत्वाधान में अमानगंज के सरस्वती शिशु मंदिर में आध्यात्मिक आंतरिक सत्संग की त्रिवेणी लगातार 2 दिन से बह रही है ।रामाश्रम सत्संग मथुरा के संस्थापक परम्-समर्थ गुरु भगवान्-डॉ॰ चतुर्भुज सहाय जी के सानिध्य मे अनुभवी आचार्य एवं गुरुजनो के द्वारा ध्यान योग की साधना जो कि वर्तमान समय एवं परिस्थितियों के अनुकूल परिष्कृत और नवीन साधना शैली है । अमानगंज के सरस्वती शिशु मंदिर में दिनांक 15, 16 एवं 17 मई को प्रातः 8:30 बजे से और शायंकाल 7:30 बजे से अखिल भारतीय आध्यात्मिक सत्संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । जिसमें टूंडला और



मथुरा के अनुभवी आचार्य परम पूज्य श्रीयुत शिवनाथ शर्मा जी , परम्-पूज्य श्रीयुत प्रदीप कुमार शर्मा जी और परम्-पूज्य श्रीयुत शंकर नाथ शर्मा जी परम्-पूज्य डॉ अनूप पचौरी,परम पूज्य डॉ पवन कुमार शर्मा जी नोएडा,डॉ केके सिंह चित्रकूट, सीताराम असाटी जी द्वारा अपने अनुभव और गूढ़ रहस्यों को सरल साधना के द्वारा साधकों को साधना की अनूठी शैली बताई जा रही है । जिसका उद्देश्य मानव जीवन को सरल सहज और आडंवर रहित बनना है । आगे आपने समझाया कि यह साधना कर्मकाण्ड उपासना और भक्ति की मिलोनी साधना है जिससे कुछ ही समय मे हमारा मन संयमित होकर शांत होने लगता है। और अपने जीवन को निर्मल और पवित्र करके आध्यतम की दिशा की तरफ मोड़ कर मानव जीवन का परम्-लक्ष्य प्राप्त कर लेते है। परम पूज्य के द्वारा यह बताया गया है कि यह साधना बहुत ही सरल और सुगम है जिसको कोई भी मानव मात्र कर सकता है किसी प्रकार का कोई लिंग भेद नहीं है। सभी मानव मात्र के लिए यह साधना वर्तमान समय की अद्वितीय साधना है । रामाश्रम सत्संग मथुरा के आचार्य श्री महेश प्रसाद दुबे और समस्त सत्संग परिवार के द्वारा यह आग्रह किया है कि जिले के सभी भाई बहन इस आध्यात्मिक त्रिवेणी में अवगहन करने के लिए इस आध्यात्मिक सुरसरि में अवगहन करें। और अध्यात्म लाभ प्राप्त करें हैं ।

**खबर संक्षेप**

## सिंचाई कॉलोनी में बनकर तैयार हुई हाइटेक सेंट्रल लाइब्रेरी



**छतरपुर।** छतरपुर में छात्रों और नागरिकों के लिए एक आधुनिक सुविधा का सपना जल्द साकार होने जा रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की पहल से सेंट्रल लाइब्रेरी और पार्क बनकर लगभग तैयार हो चुका है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के शैक्षणिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। शनिवार को केन्द्रीय मंत्री ने सिंचाई कॉलोनी में पहाड़ी से सटी खाली शासकीय जमीन पर बनी इस लाइब्रेरी का अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने इस परियोजना को अपनी विशेष सौगात बताते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी छात्रों को आधुनिक अध्ययन सुविधाएं प्रदान करेगी और पार्क क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि यह मध्य प्रदेश की पहली हाइटेक लाइब्रेरी होगी, जिसमें डिजिटल संसाधन, इंटरनेट और आरामदायक पढ़ाई का माहौल उपलब्ध होगा। इस परियोजना से न केवल छतरपुर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को भी लाभ मिलेगा।

## जनपद सदस्य पर लगे हमला करने के आरोप

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुरा में शुक्रवार को जमीनी विवाद को सुलझाने के लिए पहुंचे राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस की निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए शनिवार को एसपी कार्यालय में आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।
ग्राम पंचायत बमौरी के हरपुरा निवासी शौकीलाल रजक ने बताया कि परिवार की नन्नी बाई रजक और जनपद सदस्य ओमप्रकाश कुशवाहा के बीच लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। शुक्रवार को विवादित जमीन की नपती के लिए पटवारी और राजस्व निरीक्षक मौके पर पहुंचे थे। नपती के दौरान ओमप्रकाश कुशवाहा और उनके समर्थकों ने रजक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इस झड़प में दोनों पक्षों से करीब 12 लोग घायल हुए, जिन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया। शौकीलाल रजक ने आरोप लगाया कि नपती गलत तरीके से की जा रही थी, जिसका विरोध करने पर उनके परिवार पर हमला किया गया। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत बमीठा थाना पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस गांव में नहीं पहुंची। शौकीलाल ने दावा किया कि आरोपी हथियारों के साथ गांव में खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे परिवार डर के साए में जी रहा है। शनिवार को रजक परिवार ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## आबकारी विभाग ने जप्त की 122 लीटर अवैध शराब

**छतरपुर।** आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के संग्रहण और परिवहन के खिलाफ नौगांव थाना क्षेत्र के बनगांय गांव में बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 122 लीटर अवैध देशी शराब जब्त कर संबंधित तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सहायक आबकारी आयुक्त भीमराव वैद्य के मार्गदर्शन में की गई उक्त कार्रवाई के तहत बनगांय गांव के प्रेमनारायण मिश्रा उर्फ कुलदीप के मकान पर छापेमारी की गई थी, जहां से टीम को 14 पेटियों में रखी 122.94 लीटर अवैध देशी शराब मिली। जब्त शराब का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 51,000 रुपये है। आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) और 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि कई दिनों से गांव में अवैध शराब तस्करी की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद मुखबिर की जानकारी पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी, ताकि अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

### मोटा कमीशन लेकर डीएमओ जैन छतरपुर जिले में समिति प्रबंधकों से करा रहे अमानक मसूर की खरीदी, कलेक्टर, सम्बंधित एसडीएम मौन?

# तत्कालीन डीएमओ ने छतरपुर के कार्यकाल से 80-100 रूपये के मोटा कमीशन की आधारशिला रखी गई थी?

छतरपुर। जिले में मसूर सरसों और चना की भी खरीदी के लिए केन्द्र बनाए गए थे। और यह खरीदी 25 मार्च से शुरू होकर 31 मई 2025 तक होना थी। इन दिनों मसूर की खरीदी ब्यापक पैमाने पर चल रही है। जिसमें क्वालिटी का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। समिति प्रबंधक से लेकर सर्वेयर और बेयर हाउस प्रभारी इस पूरे भ्रष्टाचार में शामिल है, और इन सभी को डीएमओ श्रीमती राखी रघुवंशी मण्डल संचालक सागर का संरक्षण मिला हुआ है। अभी तक सेवा सहकारी समिति चितहरी में मसूर की खरीदी 5382 क़्वाटल, खडडी में 2061 क़्वाटल, पचवरा में 3057 क़्वाटल, कौथेहा में 4326 क़्वान्टल, सेडारा में 6579 क़्वान्टल और बक्सवाहा में 6277 क़्वान्टल और कटहरा समिति में 928 क़्वान्टल कि खरीदी लगभग हुई है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि परिवहन करता बुंदेला के माध्यम से डीएमओ अभिषेक जैन से 80 प्रति कवंटल के हिसाब से बात हुई है। जिसमें बैंक को छोड़कर सभी प्रकार का ठेका डीएमओ अभिषेक जैन का रहता है। मसूर की खरीदी में जिले में सभी के रेट निर्धारित हैं। इतना सब होने के बाद भी कलेक्टर छतरपुर और संबंधित एसडीएम मौन है, इसके पीछे क्या वजह है यह तो वही जान सकते हैं, या फिर डीएमओ को जानकारी होगी?।




### मोटा कमीशन के गठजोड़ से किसान परेशान

मसूर की खरीदी में खुलेआम दलाली के चलते अमानक स्तर की मसूर की खरीदी चल रही है। क्योंकि इसमें मोटा कमीशन फिक्स है। इस कमीशन में सर्वेयर, मार्कफेट, बेयर हाउस और कर्मचारियों के गठजोड़ और समिति कर्मचारियों से मिलीभगत कर किसानों से 200 रू नगद या 3-4 प्रति किलो कि बसूली अधिक ली जा रही है। जिससे किसान परेशान होने के साथ साथ शोषण का शिकार हो रहा है।

### मोटा कमीशन कि आधार शिला रखी गई थी

मसूर कि खरीदी कर रहे समिति प्रबंधकों ने बताया कि श्रीमति राखी रघुवंशी की पोस्टिग डीएमओं के पद पर 26 जून 2019 छतरपुर में हुई थी, जब से वह यहां पदस्थ हुई है, तबसे ही चना, सरसो और मसूर खरीदी में कमीशनखोरी का खेल चालू हो गया है। इसके पहले कमीशनखोरी नहीं हो रही थी, अब तो डीएमओ को खरीदी में 100 रू प्रति क़्वान्टल कमीशन चाहिए। श्रीमती राखी रघुवंशी तत्कालीन डीएमओ छतरपुर की कार्यकाल से छतरपुर जिले में सिंडिकेट बनाकर चना सरसों मसूर खरीदी में 100 रुपये का मोटा कमीशन का खेल चल रहा है। छतरपुर जिले में यह आधारशिला सबसे पहले श्रीमती राखी रघुवंशी ने रखी थी, उन्हीं के समय के सर्वेयर और मोटा कमीशन का खेल चल रहा है। इसके बदले में किसानों का शोषण हो रहा है। जिला प्रशासन के सामने किसानों के साथ शोषण हो रहा है। श्रीमती राखी रघुवंशी मंडल प्रबंधक सागर के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार डीएमओ सागर का भी था, वहां पर भी वही खेल खेला जा रहा था, जो सालों से छतरपुर में चल रहा है। लेकिन किसानों ने एकजुट होकर कलेक्टर और मंत्री जी को कमीशन के संबंध में ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया था। जिसके चलले मंत्री जी ने श्रीमती राखी रघुवंशी से डीएमओ का चार्ज हटाकर दूसरे को सौंप दिया था, और हिदायत दे दी गई थी कि आगे से इस प्रकार का सुनने को नहीं मिले। फिर भी राखी रघुवंशी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही और मोटा कमीशन छतरपुर जिले से वसूला जा रहा है।

### क्वालिटी के नाम पर वेयर हाउस प्रभारी की कमाई -

मसूर की खरीदी के बाद उसका भण्डारण करने के लिए बक्सवाहा बेयर हाउस और चंदला का बेयर हाउस निर्धारित किया गया है। बक्सवाहा बेयर हाउस प्रभारी मानसिंह पटेल है, और वह भण्डारण के समय खराब मसूर की क्वालिटी के नाम पर 10 रूपए प्रति क़्वानटल और सही मसूर की क्वालिटी होने पर 20 रूपए प्रति क़्वान्टल लिया जा रहा है। इसी तरह चंदला बेयर हाउस का प्रभारी अंकित निगम को बनाया गया है। और इनके सरक्षंण में यहां भी भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। बिजावर, बक्सवाहा बड़ामलहरा का मुकेश योगी को तथा चंदला कि बसूली अभिषेक पटेल सालों से कर रहे है, ऐसा स्थानीय समिति प्रबंधकों के द्वारा बताया गया है।



**गिरदावली में पटवारी से मिली भगत कर फसल बोई कुछ गई थी, और गिरदावली मसूर कि की गई -**

खेतों में खड़ी फसलो की गिरदाबली करने की जिम्मेदारी पटवारी और तहसीलदार की थी, लेकिन इन्होनें कमीशन खोरी के चलते फर्जी गिरदाबली दिखाकर उसका सत्यापन कर दिया। इसमें समितियों से पहले ही मनमाना कमीशन लिया गया। जबकि सच्चाई यह है कि जिन किसानों के खेतों में गेहुँ की फसल खड़ी थी उन खेतों में गिरदाबली के दौरान मसूर चना की फसल लिख दी गई।

### कागजों में ड्यूटी कर रहे नोडल अधिकारी -

प्रशासन द्वारा खरीदी क्रेन्द्रो के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, ताकि यह ब्यवस्था की देखरेख करते रहें। लेकिन देखा जा रहा है कि नोडल अधिकारी कागजों में ड्यूटी कर रहें है। उन्हें वास्तिविक रूप से डियटी करने के लिए प्रशासन भी वाध्य नही कर पा रहा है, क्योंकि प्रशासन को इस पूरे खरीदी से कोई सरोकार नही है। डीएमओ और सर्वेयर की भूमिका क्वालिटी पास करने के साथ ऐप पर ओके करने की जिम्मेदारी है। साथ ही बेयर हाउस प्रभारी की जिम्मेदारी है कि बोरी पर छापा लगा हो और टैग लगा हो तभी क्वालिटी सही मानी जाती है। लेकिन यहां ऐसा नही हो रहा है।

### खरीदी केंद्रों में किसानों के साथ तोल में भी हो रही गडबड़ी

यह भी पता चला है कि समिति प्रबंधक किसानों के अनाज की तौल में गडबड़ी कर रहे है। शासन द्वारा 50 किलो 600 ग्राम की तौल निर्धारित की गई है। लेकिन सभी खरीदी केन्द्रों में 51 किलो 200 ग्राम की तौल की जा रही है। तौल के बाद इन बोरियों की सिलाई दिन में नही की जाती है। और यह बहाना बना दिया जाता है कि मशीन खराब है रात को 200 ग्राम प्रति बोरी से निकाल कर सिलाई की जाती के आरोप लग रहे हैं। 51 किलो बजन की बोरियां बेयर हाउस भेजी जाती है, जहां बेयर हाउस प्रभारी भी 400 ग्राम प्रतिबोरी से अनाज गायब करने का खेल खेलते है। जितनी बोरी बेयर हाउस में जमा होती है। उनकी तौल 51 किलो दिखा कर 50 किलो 600 ग्राम के हिसाब से बजन दिखाकर 400 ग्राम प्रतिबोरी के हिसाब से जोड़ कर शाम को ब्यापारी के यहां पहुँचा दिया जाता है। इस तरह तौल में भी गडबड़ी की जा रही है।

**इनका कहना है -**

आपके द्वारा जानकारी मिली है, यह बहुत गंभीर विषय है। मै तत्काल दिखवाता हूं।

**गोविंद सिंह राजपूत**
**मंत्री**
**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, मध्य प्रदेश शासन**

# प्रेमी जोड़े ने रचाई शादी, थाने में हुआ बवाल

### लड़के के परिजनों ने पुलिस पर लगाए पक्षपात के आरोप

**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र में एक प्रेमी जोड़ी द्वारा कोर्ट मैरिज किए जाने के बाद युवक और युवती के परिजनों के बीच विवाद होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले को शांत कर युवती को उसके परिजनों के हवाले कर दिया, जिस पर युवक पक्ष ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए युवती के बयान लिए बिना उसे सौंपने की शिकायत की है। इस मामले में युवक पक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लड़की के बयान दर्ज कराए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के अजनर थाना क्षेत्र की 19 वर्षीय सुनीता अनुरागी और छतरपुर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम देरी निवासी 21 वर्षीय अनिल अहिरवार की दो साल पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। 15 मई 2025 को दोनों ने छतरपुर न्यायालय में कोर्ट मैरिज की और जटाशंकर मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी रचाई। शुक्रवार की सुबह सुनीता के परिजन अनिल के घर पहुंचे, जहां विवाद शुरू हो गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद ओरछा रोड पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। थाना प्रभारी दीपक यादव ने पूछताछ के बाद सुनीता को उसके परिजनों को सौंप दिया, लेकिन इस दौरान अनिल के परिजनों ने थाने में हंगामा किया। उनका कहना है कि सुनीता अपने परिजनों के साथ जाना नहीं चाहती थी, और पुलिस ने बिना उसका बयान लिए उसे सौंप दिया। अनिल को कुछ समय के लिए हिरासत में रखा गया, लेकिन मामला शांत होने के बाद उसे छोड़ दिया गया। अनिल के परिजनों ने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों बालिग हैं और उनकी शादी वैध है। उन्होंने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर दोनों पक्षों के बयान दर्ज कराने और न्याय की मांग की है। ओरछा रोड थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोनों पक्षों की बात सुनी जाएगी।

# शादी समारोह में बारातियों पर लाठी-डंडों से हमला

### आधा दर्जन घायल, गाड़ियों में भी की तोड़फोड़

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र की चंद्रनगर चौकी के राजगढ़ गांव में बीती रात एक शादी समारोह के दौरान हुए मामूली विवाद ने बाद में हिंसक रूप ले लिया। बारातियों के ऊपर लाठी-डंडों से हमला होने के कारण करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, साथ ही बारात की कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ हुई है। जानकारी के अनुसार, टिकुरी से राजगढ़ गांव में बारात आई थी। विवाह स्थल के पास एक दुकान पर किसी बात को लेकर बारातियों और गांव के लोगों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। हमलावरों ने बारातियों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जिसमें आधा दर्जन बारातियों को गंभीर चोटें आईं। इसके अलावा, बारात की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई, जिससे कई



वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं सूचना मिलते ही चंद्रनगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। बमीठा थाना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों और दोषियों की पहचान के लिए तफ्तीश की जा रही है।

**नगर से अमेरिका तक का सफर तय कर रोशन किया नाम**

# नौगांव की डॉ भावना गुप्ता को मिला ड्रीम गर्ल विजनरी अवॉर्ड

**नौगांव।** नगर से निकलकर अमेरिका तक का सफर तय करने वाली डॉ. भावना गुप्ता ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से न केवल नगर का नाम रोशन किया, बल्कि ड्रीम गर्ल विजनरी अवॉर्ड हासिल कर नारी शक्ति का नया मानक स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार सहित पूरे नगर और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. भावना गुप्ता, नौगांव के समाजसेवी और शासकीय बापू महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष हरगोविंद गुप्ता की बेटी हैं। उन्होंने डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया है। गत 11 मई को कैलिफोर्निया में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने उन्हें यह अवॉर्ड



प्रदान किया। कार्यक्रम में डांस, म्यूजिक और फैशन शो का आयोजन हुआ, जिसमें डॉ. गुप्ता जज और मुख्य प्रायोजक के रूप में शामिल रहीं। डॉ. भावना गुप्ता ने अपनी शुरुआती शिक्षा नौगांव के सरस्वती शिशु मंदिर और छतरपुर से प्राप्त की है। अमेरिका के बे एरिया में चार डेंटल क्लीनिकों की संस्थापक डॉ. भावना गुप्ता इनविज़लाइन ट्रीटमेंट में शीर्ष 1 प्रतिशत डॉक्टरों में शुमार हैं और कई प्रतिष्ठित संस्थाओं से सम्मानित हो चुकी हैं। उनकी खासियत अत्याधुनिक तकनीक को मानवीय संवेदनाओं के साथ जोड़ना है। उनके पिता हरगोविंद गुप्ता ने बेटी की सफलता पर गर्व जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, पूर्व अध्यक्ष अंजुल सक्सेना, अधिवक्ता धीरेंद्र गुप्ता और सन्नो सक्सेना ने भी उन्हें बधाई दी।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी टेम्पो, तीन घायल

बमीठा। एनएच-39 पर ओवरब्रिज के नीचे मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में एक टेम्पो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में टेम्पो में सवार तीन यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रेलवे स्टेशन खजुराहो से बागेश्वर धाम जा रही टेम्पो के सामने खरबूजे खरीदने के लिए एक मोटरसाइकिल सवार ने अचानक अपनी बाइक रोक दी। इससे टेम्पो चालक का संतुलन बिगड़ गया और टेम्पो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में टेम्पो में सवार तीन यात्रियों को चोटें आईं, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से खजुराहो उपस्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ओवरब्रिज के नीचे डिवाइडरों के आसपास तरबूज और खरबूजे की दुकानों की भीड़ के कारण अक्सर यातायात बाधित होता है, जिससे इस तरह के हादसे हो रहे हैं।

# दहेज लोभी परिवार पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

### दहेज में स्कॉर्पियो की मांग पूरी न होने पर रोकी थी शादी

**महाराजपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम नुना में दहेज की लालच ने एक मासूम बेटी का घर बसने से पहले ही उजाड़ दिया। शादी की सभी तैयारियां पूरी होने और मेहंदी लगाए दुल्हन के इंतजार के बावजूद दूल्हा पक्ष ने स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग पूरी न होने पर बारात नहीं भेजी। दोनों पक्षों के बीच बातचीत विफल होने के बाद थाना प्रभारी रीता सिंह ने दूल्हे पक्ष के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।



जानकारी के अनुसार, नुना निवासी रागनी पटेल, जो जनपद पंचायत में सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, की शादी राजनगर के ग्राम पंचायत दलपतपुर के कृष्णकांत पटेल, जनपद पंचायत असिस्टेंट ऑडिटर, से तय हुई थी। शादी के लेनदेन की चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के रिश्तेदार मौजूद थे, और स्कॉर्पियो या किसी फोर-व्हीलर की मांग का कोई जिक्र नहीं हुआ था। शादी के कार्ड छप गए, रिश्तेदारों को न्योता पहुंच चुका था। पिछले साल 10 अप्रैल 2024 को गोद भराई की रस्म में दूल्हे पक्ष के करीब 200 लोग शामिल हुए, जहां दूल्हे को सोने की अंगूठी, डेढ़ लाख रुपये नकद और अन्य लोगों के लिए पैर पूजन के लिए एक हजार रुपये दिए गए। हालांकि, 14 अप्रैल को सुतकरा के बाद जैसे ही शादी की तारीख 11 मई नजदीक आई, दूल्हे पक्ष ने स्कॉर्पियो फोर-व्हीलर की मांग शुरू कर दी और इसे पूरा न करने पर शादी से इनकार कर दिया। रागनी के पिता ने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ऐसी मांग को पूरा करने की नहीं थी। 11 मई को मंडप सजा था, लेकिन बारात नहीं पहुंची। इस खबर से आहत रागनी के परिवार के दो दर्जन से अधिक लोग गढ़ीमलहरा थाने पहुंचे और दूल्हे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शुरू में पुलिस ने मामला दर्ज करने से इनकार किया, जिससे परिवार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। दोनों पक्षों की बैठक के बाद भी मामला नहीं सुलझा। तीन दिन बाद थाना प्रभारी रीता सिंह ने दूल्हे पक्ष के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में 'स्वच्छता ही सेवा 2025' का शपथ ग्रहण समारोह के साथ शुभारंभ



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल ने 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान की शुरुआत एक प्रेरणादायक शपथ ग्रहण समारोह के साथ की, जो टाउनशिप के नेताजी सुभाष चन्द्र लेक पार्क में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता के प्रति कर्मचारियों, अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों की सामूहिक प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूती से उजागर किया।श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने अंग्रेजी में शपथ दिलाई, वहीं श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने हिंदी में सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन), श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(अनुरक्षण एवं एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) उपस्थित रहे।इसके साथ ही यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी सहायक कमांडेंट श्री ज्ञान सिंह भाटी और श्री भास्कर चौधरी की सक्रिय भागीदारी ने इस मुहिम को और भी बल प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों – कर्मचारियों, परिवारजनों, यूनियन प्रतिनिधियों और सुरक्षाकर्मियों ने वर्ष में कम से कम 100 घंटे स्वच्छता कार्यों के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। यह पहल प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत मिशन' को जन-जन से जोड़ने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने ग्राम-ढोंटी तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान, स्थानीय समुदाय ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**सिंगरौली।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल ने दिनांक 17.05.2025 को ग्राम-ढोंटी तालाब, वार्ड क्रमांक 38, में एक प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुई। इस अभियान में स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वच्छता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारी श्री महताब आलम, वरिष्ठ प्रबंधक(मानव संसाधन) श्री निखिल जायसवाल, कार्यपालक(सीएसआर) तथा वार्ड पार्षद श्री अनिल कुमार वैश्य भी उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम के अपीलीय समिति सदस्यगण और समर्पित सफाई मित्रों ने भी अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वच्छता अभियान से न केवल क्षेत्र के महत्वपूर्ण जलस्रोत का कायाकल्प हुआ, बल्कि इस पहल ने एनटीपीसी विंध्याचल की स्थानीय समुदाय के साथ सहभागिता को और भी सशक्त बनाया। यह आयोजन परियोजना की सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।



# डिप्टी सीएम ने की रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा

### नियत समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा शहर में निर्माणाधीन विकास कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराया जाए तथा आगामी 15 जून को जिला चिकित्सालय के विस्तार भवन एवं ओपीडी का लोकार्पण कराएं। राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीआईयू द्वारा पुनर्घनत्वीकरण योजनान्तर्गत 65 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विकास कार्यों को गति देकर शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यंकट क्लब भवन तथा पीडब्ल्यूडी भवन का शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए संबंधित निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। कोल भवन के शेष निर्माण कार्य सहित बाउन्ड्रीवाल का कार्य कराने तथा पीके स्कूल सांदीपनी विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि दिसम्बर तक सांदीपनी विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा करें। उन्होंने ढेकहा तिराहा से करहिया मण्डी तक सड़क निर्माण कार्य को वर्षाकाल से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने रीवा बायपास फोरलेन के निर्माण के लिए शेष अर्जित भूमि का अधिग्रहण कर निर्माण एजेंसी को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 19 किलोमीटर लंबाई का बायपास सर्विस रोड के साथ फोरलेन बन रहा है। इसके कार्य में व्यवधान न हो तथा यह कार्य समय सीमा में पूर्ण हो जाए। उन्होंने लायब्रेरी भवन सहित अन्य शासकीय भवनों के रूके हुए निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, राजेश पाण्डेय सहित विभिन्न निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भाई ने माता पिता सहित छोटे भाई के परिवार पर किया हमला



रीवा। जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरिया में पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। एक ही परिवार के बीच हुए विवाद में बड़े भाई और भतीजे ने मिलकर घर के बुजुर्ग माता-पिता सहित छोटे भाइयों और उनके परिवार पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। विवाद की वजह घरेलू कलह बताई जा रही है। घटना में परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को फिलहाल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया है। सेमरिया पुलिस मामले में प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई कर रही है। घटना के संबंध में घायल हुए मोतीलाल साकेत ने बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते उसके बड़े भाई सहित भतीजे ने मिलकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की। घायल के मुताबिक बड़े भाई ने न सिर्फ माता-पिता को लाठी डंडों से पीट-पीट कर घायल कर दिया, बल्कि अपने ही छोटे भाइयों और उनके परिवार के लोगों पर जमकर लाठी डंडे बरसाए।

### विधायक ने नरेंद्र प्रजापति विवादित बयान ने मचाया बावाल

रीवा। रीवा में ऑपरेशन सिन्दूर के तहत भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान पर किए गए एयर स्ट्राइक के बाद से एमपी मे राजनीति गरमाई हुई है. प्रदेश की बीजेपी सरकार के मंत्री और विधायकों के बयानबाजी से अब सरकार की लगातार किरकिरी हो रही है. मंत्री विजय शाह के द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था की मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के विवादित बयान ने सरकार और पार्टी दोनों की फजीहत करा दी. अब एक फिर रीवा के मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति के ताजा बयान से प्रदेश मे खलबली मची हुई है। इस बार रीवा के मनगवां विधानसभा से बीजेपी विधायक ने मंच से एक ऐसा बयान दे दिया जिसके बाद प्रदेश की सियासत मे एक बार फिर से भूचाल आ गया, मंच से सभा को सम्बोधित करते हुए बीजेपी विधायक नरेन्द्र प्रजापती ने कहा की भारतीय सेना ने पिछली जो लड़ाइयां लड़ी उसमे पाकिस्तान को हमेशा धूल चटाने का काम किया,मै तो ये बात कहता हूं की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व मे जो कार्यक्रम हो रहा था उसमे पाकिस्तान तबाह हो जाता अगर यूनाइटेड नेशन के द्वारा हम लोगो को आदेश नहीं आता, सीजफायर नहीं हुआ होता तो मै समझता हूं की मोदी जी ने जो बात कही थी बहुत ही जल्द पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा।

**दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद बढ़ा पहडिया में तनाव, आरोपी जबलपुर रेफर**

# भारी पुलिस बल के बीच महिला का हुआ अंतिम संस्कार



रीवा। जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना अंतर्गत पहड़िया गांव में गुरुवार रात हुई एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। पाल परिवार के दो पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही रंजिश अचानक हिंसक झड़प में तब्दील हो गई, जब एक युवक ने प्रतिशोध की नीयत से तेज रफ्तार बाइक भीड़ पर चढ़ा दी। इस घटना में 55 वर्षीय महिला श्यामकली पाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। हालात इतने तनावपूर्ण हो गए कि शुक्रवार को महिला का अंतिम संस्कार पुलिस छावनी जैसी सुरक्षा के बीच करना पड़ा, बता दे शुक्रवार को श्यामकली पाल का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया। इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए अंतिम संस्कार भारी पुलिस बल की निगरानी में कराया गया। रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी के साथ-साथ डीएसपी हिमाली पाठक के नेतृत्व में आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था।

### चोरी के शक से शुरू हुई रंजिश, हत्या तक पहुंची बात

जानकारी के मुताबिक, पहड़िया गांव में पाल परिवार में 17 मई को वैवाहिक कार्यक्रम था, 14 मई को तिलक कार्यक्रम के दौरान परिवार ने चोरी की आशंका जताते हुए गांव के ही कुछ युवकों पर आरोप लगाया और थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसी शिकायत के बाद विवाद गहराया और दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश भड़क उठी, गुरुवार रात आरोपियों ने पहले अनूप कुमार पाल पर पत्थर से हमला किया। जब अन्य सदस्य बचाव में पहुंचे, तो गांव के युवक अजय पाल ने गुस्से में आकर भीड़ पर बाइक चढ़ा दी। इस बर्बर हमले में श्यामकली पाल की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की नातिन रचना और एक अन्य महिला सुनीता पाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को तत्काल संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने हमलावरों पर हमला कर दिया। मुख्य आरोपी अजय पाल को भी गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे प्राथमिक उपचार के बाद संजय गांधी अस्पताल से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### दोनों पक्षों पर दर्ज हुआ मामला

पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। एक पक्ष पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है, जबकि दूसरे पक्ष के साथ मारपीट और गंभीर हमले की धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना की निष्पक्ष जांच की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

रीवा। भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा अंसिचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं। यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है। कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से निःशुल्क रहती है। यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पॉच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है। मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिट्टी के पोषक तत्व के आधार पर किसान को उचित फसल की सलाह दी जाती है। मिट्टी में यदि पोषक तत्व की कमी है तो उसके अनुरूप उर्वरक के उपयोग का सुझाव दिया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसान के खेत की मिट्टी का रिपोर्ट कार्ड है। इस कार्ड में किसान का नाम, सर्वे नम्बर, खेत का रकबा आदि लिखा रहता है। प्रत्येक तीन साल में मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दर्ज कराना आवश्यक है। हर किसान अपने प्रत्येक खेत की मिट्टी की जाँच कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड अवश्य बनवाएं। इससे सही फसल के चयन, खाद के संतुलित उपयोग और जल प्रदूषण से बचाव में सहायता मिलती है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रत्येक किसान के लिए बहुत उपयोगी है।

# किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ

रीवा। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद



जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है। हार्वेस्टर से कटाई के बाद गेंहू के शेष बचे डंठल को आसानी से मिट्टी में मिलाकर सुपर सीडर मूंग की बुवाई कर देता है। सुपर सीडर के उपयोग से जुताई का खर्च बच जाता है। नरवाई नष्ट करने, जुताई और बुवाई एक साथ हो जाने से खेती की लागत घटती है। जिन किसानों के पास ट्रैक्टर हैं उनके घर के शिक्षित युवा सुपर सीडर खरीदकर एक सीजन में एक लाख रुपए तक की कमाई कर सकते हैं।

# जिले में निकाली गई तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना के शौर्य को किया गया नमन



रीवा। भारतीय सेना के पराक्रम और वीरता को सम्मान देने के उद्देश्य से शनिवार को रीवा के विवेकानंद पार्क कॉलेज चौराहा से एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में मध्यप्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, सांसद जनार्दन मिश्रा, मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि,इस यात्रा का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता का संदेश देना है। भारत की सेना ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर देश को गौरवांवित किया है। यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ हमारी एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के हर कोने में निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा के लिए सेना जिस तरह से डटी हुई है, वह देशवासियों को गर्व की अनुभूति कराता है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से यह संदेश पूरे देश और दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है कि भारत एक है और हर परिस्थिति में एकजुट है।

# जर्जर पंचायत भवन की छत गिरी, गौवंश की मौत

### भूख-प्यास से तड़प रहे थे गोवंश, दीवाल तोड़कर बचाई गई जान



रीवा। जिले के गढ़ थाना के बगल में ग्राम पंचायत के पुराने भवन के अंदर फंसे 3 गोवंश को जागरुक नागरिकों ने दीवार तोड़कर बाहर निकाला है। यहां तेज दुर्गंध हैं, जिससे माना जा रहा है कि मलबे में कई मवेशी दबे हैं। जानकारी के अनुसार जनपद गंगेव अंतर्गत गढ़ ग्राम ग्राम पंचायत के इस पुराने भवन की लगभग 6 दिन पहले छत गिर गई है। शुक्रवार को अंदर से तेज दुर्गंध आने पर जब लोगों ने देखा तो तीन गोवंश फंसे दिखे। छत का मलवा गिरने की वजह से बाहर निकलने का रास्ता नहीं था। ऐसे में तीन युवकों ने इनकी जान बचाने के लिए सब्बल उठाई और दीवार को तोड़ा। लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद अंदर फंसी 2 गाय और 1 बछड़े को बाहर निकाला जा सका। बता दे रामचंद्र तिवारी, सलीम खान और गौरव पांडेय ने अंदर फंसे गोवंश को बाहर निकालने के लिए जिस तरह पसीना बहाया है, उसकी हर कोई तारीफ कर रहा है। ये गोवंश भूखे और प्यासे थे। इन्हें तुरंत ही पानी पिलाया गया। इनके खाने की व्यवस्था भी की गई। ऐसा माना जा रहा है कि ये गोवंश अंदर छह दिन से भूख-प्यास से तड़प रहे थे।

# गडरा कांड की फिर उठी सीबीआई जांच की मांग



रीवा। मऊगंज जिले के बहुचर्चित गडरा कांड को लेकर एक बार फिर सीबीआई जांच की मांग ने जोर पकड़ लिया है,शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने रीवा संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचकर इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराने हेतु ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मऊगंज के पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना और कांग्रेस जिला अध्यक्ष पद्मेश गौतम कर रहे थे।ज्ञापन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि गडरा गांव में पिछले वर्ष हुई वीभत्स हिंसा के बाद अब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका है। घटना में एक पुलिसकर्मी और एक आम नागरिक की मौत हुई थी। इसके कुछ ही दिनों बाद उसी गांव के एक घर में तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि घटना के बाद प्रशासन ने मामले की गंभीरता को नजरअंदाज करते हुए केवल आश्वासन दिए, लेकिन आज तक कोई निष्पक्ष जांच नहीं हुई। पूर्व विधायक बन्ना ने कहा, यह कोई सामान्य मामला नहीं है। लगातार हुई मौतों ने कई सवाल खड़े किए हैं। अगर समय रहते सही जांच नहीं हुई, तो न्याय की उम्मीद खत्म हो जाएगी। हमें राज्य या जिला स्तर की नहीं, बल्कि सीबीआई जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन किया और दोषियों को बेनकाब करने की मांग की। पद्मेश गौतम ने कहा, यदि सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है, तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन छेड़ेगी। गौरतलब है कि गडरा कांड को लेकर शुरू से ही स्थानीय लोगों में आक्रोश रहा है और कई बार प्रदर्शन भी किए जा चुके हैं।

# मऊगंज मे अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन संकट में



### खाली पड़े टैंकर और अग्निशमन वाहन

*मऊगंज* जिले में बिजली की घोषित कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त है मूलभूत सुविधाएं कार्यालय व्यापार शादी विवाह जैसे कार्य पूरी तरह प्रभावित है साथ ही मूल सुविधाओं में भीषण जल संकट निर्मित है वर्ष 2022 में मऊगंज जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए 52 करोड रुपए दिए गए वर्ष 2024 में नगर परिषद द्वारा एक करोड रुपए बिजली विभाग को दिए गए ताकि शहरी विद्युत व्यवस्था बेहतर हो सके ग्रामीण अंचलों की बात छोड़ दी जाए तो जिले के बड़े दो अधिकारी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का कार्यालय संचालित है बिजली की अघोषित कटौती सब के लिए चुनौती बनी है इतनी बड़ी राशि उपलब्ध होने के बाद भी केवल ट्रांसफार्मर और पोल का सुधार नहीं हो सका बिजली विभाग की भ्रष्ट व्यवस्था और लापरवाही से क्षेत्रवासी संकट में है बिजली की कटौती के कारण समय पर पानी नहीं मिल रहा जहां उमस और गर्मी की वजह से पानी बेहद जरूरी है नगर परिषद द्वारा करोड़ों रुपए बिजली विभाग को दिया गया किंतु नगर परिषद द्वारा देखरेख न करने से बिजली विभाग में भ्रष्टाचार निर्मित है इतनी बड़ी राशि किस मद से दी गई कहां खर्च की जा रही है जिसकी जांच पड़ताल नहीं की जा रहा नगर परिषद के साथ-साथ बिजली विभाग भी लूट खसोट और भ्रष्टाचार के कारण बिजली की अघोषित कटौती में सुधार नहीं हो रहा नगर के सभी वार्डों में भीषण जल संकट है दैनिक उपयोग में पानी की पहली प्राथमिकता है 04 से 06 घंटे तक लगातार अघोषित कटौती पर ना बिजली विभाग ना नगर परिषद और ना ही जिला प्रशासन ध्यान दे रहा

### बिजली कटौती से दुर्घटनाओं की संभावनाएं

अघोषित बिजली कटौती से जल संकट निर्मित है क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं बढ़ रही बीते दिन मऊगंज थाने में आग लगने की घटना सामने आई थी बड़ी संख्या में जप्त किए गए वाहनों का नुकसान हुआ आग पर काबू इसलिए नहीं पाया गया कि उस समय बिजली कटी थी बिजली के रहते आग पर काबू पाया जा सकता था इसी तरह से सीतापुर और कई अन्य जगहों पर आगजनी की जानकारी मिली है लेकिन बिजली की कटौती के कारण टैंकरों अग्निशामक वाहनों में पानी की उपलब्धता नहीं हो सकी जिससे कई घटनाएं सामने आई है बीते दिनो कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन की बैठक लेकर दिशा निर्देश दिये फिर भी बिजली विभाग और नगर परिषद इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा

### इनका कहना है

दिन में 10 से 20 बार बिजली की अघोषित कटौती होती है जिससे जल संकट निर्मित है वार्डों में 10 दिन से पानी नहीं मिल रहा बिजली न होने से निजी बोर भी बंद पड़े हैं

**अरुणा तिवारी**
**वार्ड 03 निवासी मऊगंज**

सस्ते बिजली उपकरण खरीदी से धू-धू कर जल रहे केवल ट्रांसफार्मर करोड़ों रुपए कहां खर्च हो रहे पता नहीं गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती ठेकेदार और डीई की मनमानी से समस्या बनी हुई है

**श्रद्धा श्री वर्मा**
**वार्ड 08 निवासी मऊगंज**

क्षेत्र से जनप्रतिनिधि गायब है चार-चार दिन तक गांव में बिजली नहीं पहुंच रही ऐसा लगता है अत्यधिक बिजली कटौती से डीई प्रदेश में सम्मानित होंगे

**मृत्युंजय चतुर्वेदी**
**निवासी ग्राम बरहटा**

# मऊगंज जिले में अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस विभाग का बड़ा प्रयास



*मऊगंज* कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने जिले में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय को भेजे हैं। इन प्रस्तावों के तहत जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए थाने व चौकियों की स्थापना तथा विशेष सशस्त्र बल (एसएफ) की दो बटालियन की मांग शामिल है। पिपराही, खटखरी, भीर और हाटा पुलिस चौकियों को थानों में परिवर्तित करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे इन क्षेत्रों में पुलिसिंग और अधिक संगठित एवं प्रभावी बनेगी। इसके साथ ही जिले के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीतापुर, बहेराडाबर, जड़कुड, पहाड़ी और बहुती में नई पुलिस चौकियों की स्थापना की योजना है।जिले में बढ़ते अपराधों को ध्यान में रखते हुए, एसएफ की दो बटालियन की मांग की गई है, ताकि आपराधिक घटनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके।यह पहल मऊगंज जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ आम जनता में सुरक्षा की भावना को भी प्रबल करेगी। अब इन प्रस्तावों की मंजूरी और तैनाती पर नजर है, जिससे जल्द ही सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर होगी।

# मऊगंज मे देश की सेना के पराक्रम पर जश्न, विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा



*मऊगंज* देश की सेना ने एक बार फिर अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए न केवल सीमाओं की रक्षा की, बल्कि दुश्मन के मंसूबों को भी नाकाम किया है। आतंकवाद को समर्थन देने वाले ठिकानों पर लक्षित कार्रवाई कर सेना ने देशवासियों का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। हाल ही में ड्रोन से हुए हमले का भी सेना ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए बता दिया कि भारत अब चुप नहीं बैठता, बल्कि हर वार का करारा जवाब देना जानता है। इस वीरता और साहस के समर्थन में मऊगंज विधायक प्रदीप पटेल ने शनिवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। मऊगंज नगर के मुख्य मार्गों से निकली इस यात्रा में भारी संख्या में आमजन शामिल हुए। हाथों में तिरंगा थामे देशभक्ति के नारों के साथ लोगों ने सेना को सलाम किया।विधायक प्रदीप पटेल ने इस अवसर पर कहा, ₹हमारी सेना ने दुश्मन की जमीन में घुसकर आतंकवाद को पनाह देने वाले शिविरों को ध्वस्त किया है। यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता की रक्षा में दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मऊगंज की जनता इस गौरवपूर्ण पल में सेना के साथ खड़ी है।₹ तिरंगा यात्रा के समापन पर राष्ट्रगान गाया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस आयोजन ने मऊगंज में देशभक्ति की भावना को और प्रबल कर दिया।